Title: Demand for Railway Stoppage and introducing Delhi-Mathura EMU Shuttle Rail from Deeg.

श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर): सभापति महोदय, आपने मुझे सदन में बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मै आपका आभार व्यक्त करती हूँ। मै आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र भरतपुर की विधानसभा नदबई की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ, जिसे शिक्षा के क्षेत्र में मिनी कोटा माना जाता है।

महोदय, शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए मै सदन के माध्यम से आगरा-अजमेर सुपरफास्ट ट्रेन संख्या 22987/22988 को नदबई रेलवे स्टेशन पर ठहराव की मांग करती हूँ।

महोदय, इसके साथ ही मै आपका ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र की डीग रेलवे स्टेशन की ओर भी आकर्षित करना चाहती हूँ, जहाँ पर दिल्ली-मथुरा, ईएमयू शटल रेलगाड़ी चलवाने के लिए 50 से भी ज्यादा दिनों से युवा धरने पर बैठे हुए हैं।

मेरा आपसे अनुरोध है कि दिल्ली मथुरा ईएमयू शटल रेलगाड़ी डीग रेलवे स्टेशन से चलाई जाए, जिससे युवाओ एवं व्यापारियो को रोजगार में काफी लाभ मिले। धन्यवाद।